आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 16.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर नई कार्ययोजना लागू की। सरकारी कार्यालयों में बिजली बचत, कार पूलिंग और "नो व्हीकल डे" को बढ़ावा देने के निर्देश जारी।
- उत्तराखंड में जनगणना के पहले चरण का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा, अब तक 19 लाख घरों और 86 लाख लोगों का डाटा संग्रहित किया गया।
- सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता 58 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने को मंजूरी दी।
- उत्तराखंड पुलिस के राज्यव्यापी अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत पिछले एक महीने में एक हजार चार सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

ऊर्जा संरक्षण

प्रदेश सरकार ने ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर राज्यभर में व्यापक कार्ययोजना लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने सभी विभागों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार सरकारी कार्यालयों में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखा जाएगा और अनावश्यक बिजली उपयोग पर नियंत्रण किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

सरकार ने "वर्क फ्रॉम होम" और "नो व्हीकल डे" को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए हैं। विभागों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को प्राथमिकता देने और अनावश्यक भौतिक बैठकों को सीमित करने को कहा गया है।

इसके अलावा स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए "विजिट माई स्टेट" अभियान चलाया जाएगा। वहीं "मेड इन उत्तराखंड" अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और स्वयं सहायता समूहों को बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा।

राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, सौर ऊर्जा, पीएनजी और बायो गैस परियोजनाओं को बढ़ावा देने के साथ निवेश परियोजनाओं के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

नो व्हीकल डे

इस बीच, सरकार के दिशा–निर्देशों के क्रम में ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग आज का दिन ''नो व्हीकल डे'' के रूप में मनाएगा।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि विभाग ने प्रत्येक शनिवार को "नो व्हीकल डे" के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से सार्वजनिक परिवहन तथा साइकिल जैसे विकल्प अपनाने की अपील की है।

श्री तिवारी ने कहा कि छोटे–छोटे प्रयास सामूहिक रूप से बड़े सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और इससे ऊर्जा संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान को मजबूती मिलेगी। "नो व्हीकल डे" के माध्यम से ईंधन की बचत के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार पहले ही ऊर्जा और ईंधन बचत को लेकर कई कदम उठा चुकी है, जिनमें मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वाहन बेड़े में कटौती जैसे उपाय भी शामिल हैं।

जनगणना

उत्तराखंड में जनगणना के पहले चरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में मकानों के सूचीकरण और आवास जनगणना का करीब 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। अब तक जनगणना टीमें 19 लाख घरों तक पहुंचकर लगभग 86 लाख लोगों का डाटा संग्रहित कर चुकी हैं।

भारत के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु के साथ वर्चुअल बैठक कर जनगणना कार्य की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों से प्रगति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि शेष दस दिनों में निर्धारित लक्ष्य पूरा होने की संभावना है।

बैठक में जनगणना आयुक्त ने कहा कि आंकड़ों की गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी आधार पर भविष्य की योजनाएं और परिसीमन तय होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को डाटा की सटीकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसे प्राथमिकता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

श्रमिक हित

राज्य में श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और अन्य वैधानिक सुविधाएं समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ श्रमिक हितों और औद्योगिक शांति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम, बोनस और अन्य सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुसार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उद्योग संस्थान श्रम कानूनों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करें और श्रमिकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुनः व्यापक स्क्रीनिंग करने के निर्देश भी दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रमिकों को तय मानकों के अनुसार वेतन और सुविधाएं मिल रही हैं।

गिरफ्तारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी–2026 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी पी.वी. कुलकर्णी को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। कुलकर्णी रसायन विज्ञान के लेक्चरर हैं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एन.टी.ई. की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थे। एजेंसी ने पिछले 24 घंटों में देशभर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और मोबाइल फोन जब्त किए।

मंजूरी

राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार की तर्ज पर महंगाई भत्ते की दर 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत प्रतिमाह करने को मंजूरी दी है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए करीब 50 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की है। इसमें पुलिस आवास निर्माण और पार्किंग निर्माण से जुड़े कार्य शामिल हैं।

स्वीकृत योजनाओं में हल्द्वानी फायर स्टेशन में आवास निर्माण, चंपावत जिले में पुलिस आवास निर्माण तथा अल्मोड़ा और चमोली में पार्किंग निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है।

ऑपरे□ान प्रहार

उत्तराखंड पुलिस के राज्यव्यापी अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत पिछले एक महीने में एक हजार चार सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने पुलिस मुख्यालय में अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। एक रिपोर्ट–

पुलिस के अनुसार अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट में 40 और गुंडा एक्ट में 130 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राज्यभर में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाकर 66 अवैध शस्त्र बरामद किए गए हैं। वहीं ऊधमसिंहनगर और देहरादून में आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्धों को भी अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान 40 हजार से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया, जबकि यातायात नियमों के उल्लंघन पर 15 हजार से अधिक वाहनों के चालान और दो हजार से अधिक वाहन सीज किए गए। होटल, बार, पब और ढाबों की सघन जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन पर एक हजार 200 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

चारधाम यात्रा के दौरान साइबर ठगी रोकने के लिए पुलिस ने 200 से अधिक फर्जी सोशल मीडिया लिंक ब्लॉक किए और 50 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबर बंद कराए। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के लिए अभियान को और प्रभावी ढंग से जारी रखा जाएगा।

<u>एस.आई.आर</u>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने सचिवालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य में एक जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत आठ जून से सात जुलाई तक बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण और संकलन करेंगे। वहीं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अगले दो सप्ताह में शत–प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट– बीएलए नियुक्त करने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 11 हजार 733 मतदान केंद्रों के सापेक्ष अब तक विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा करीब 22 हजार बीएलए नियुक्त किए जा चुके हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दौरे को लेकर किया गया मंथन– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण खबर में लिखता है– प्रदेश सरकार और संगठन विधानसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा करेंगे पेश।

नीट–यूजी की रद्द परीक्षा पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– 21 जून को दोबारा होगा पेपर, अगले साल से ऑनलाइन परीक्षा का ऐलान।

पेट्रोल–डीजल के दाम में तीन रुपये की वृद्धि– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– ईरान– अमेरिका में जारी जंग के चलते दाम में हुई बढ़ोतरी।

चारधाम यात्रा के लिए उमड़ रही तीर्थयात्रियों की भीड़– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– चारों धामों में एक दिन में औसतन 70 से 80 हजार श्रद्धालु कर रहे दर्शन।

और देहरादून में क्रिप्टो– ट्रेडिंग के नाम पर 25 करोड़ रुपये की ठगी– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– पांच से 10 प्रतिशत मासिक मुनाफे का झांसा देकर लोगों से जुटाए करोड़ों रुपये।